# श्याम मैं रह ना पाऊँगी भजन लिरिक्स

बजाओ ना मुरली की तान,
श्याम मैं रह ना पाऊँगी,
रह ना पाऊँगी,
श्याम मैं दौड़ी आउंगी,
बजाओ ना मुरली की तान,
श्याम मैं रह ना पाऊँगी।bd।

---

बजावे जो मुरली की तान,
हाथ से छूटो जावे प्राण,
छूटो जावे प्राण,
श्याम कैसे जी पाउंगी,
बजाओ ना मुरली की तान,
श्याम मैं रह ना पाऊँगी।bd।

---

ये बंसी ऐसो जादू चलावे,
जिया में ऐसी हुक उठावे,
ऐसी हुक उठावे,
पीड़ किस किससे छुपाउंगी,
बजाओ ना मुरली की तान,
श्याम मैं रह ना पाऊँगी।bd।

---

खो जाए बैरन बंसी तेरी,
श्याम मोहे सौतन लागे मेरी,
सौतन लागे मेरी,
पिंड या से कैसे छुड़ाउंगी,
बजाओ ना मुरली की तान,
श्याम मैं रह ना पाऊँगी।bd।

---

ये 'पंकज' श्याम ना माने मेरी,
'भावना' विनती कर बहु तेरी,
विनती कर बहु तेरी,
तेरी बंसी बन जाउंगी,
बजाओ ना मुरली की तान,
श्याम मैं रह ना पाऊँगी।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बजाओ ना मुरली की तान,
श्याम मैं रह ना पाऊँगी,
रह ना पाऊँगी,
श्याम मैं दौड़ी आउंगी,
बजाओ ना मुरली की तान,
श्याम मैं रह ना पाऊँगी।bd।

**Singer – Bhawna Pandit**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com